(b) and (c). The Welfare Fund Organisation has so far sanctioned subsidy for constructing 1051 houses in this region. Of these, 612 houses have already been constructed. Provision of housing facility for workers is a continuing programme, and the Organisation is constantly in touch with the Mine Managements to undertake construction of more houses

गुजरात के उपलेटा ताल्लुक में कालकी से खाकीजालिया के बीच डाक बांटना

4848. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि कालकी से खाकीजालिया के बीच डाक बाटने मे दो से तीन दिन लगते है और गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट जिले मे उपलेटा तालुका की खाकीजालिया ग्राम पचायत ने अनेक बार माग की है कि खाकीजालिया मे डाक बाटने की व्यवस्था कालकी डाकघर से न की जाकर उपलेटा डाकघर से की जानी चाहिए ,

(ख) यदि हा, तो उन्होने उक्त माग कितनी बार की तथा किन-किन तारीखो को की और उनकी माग का स्वरूप क्या था , और

(ग) खाकीजालिया गाव मे नियमित दैनिक डाक बाटना सुनिश्चित करने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है , और

(घ) नियमित दैनिक डाक बाटना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाकीजालिया गाव का कालकी डाकघर से निकालकर उपलेटा डाकघर के अन्तर्गत लाने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है और उक्त कार्यवाही कब तक की जायेगी ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) (क) जी हा । कालकी से खाकीजालिया के लिए डाक के वितरण मे दो दिन लगते हैं । खाकीजालिया ग्राम पचायत ने उपलेटा डाकघर से डाक के वितरण के लिए केवल एक बार अभ्यावेदन दिया है ।

(ख) खाकीजालिया शाखा डाकघर को उपलेटा उप-डाकघर के अधीन करने के बारे मे ग्राम पचायत ने सिर्फ एक बार माग की है । यह माग 29-4-77 को प्राप्त हुई थी ।

(ग) ऐसा फैसला किया गया है कि उपलेटा और खाकीजालिया से होकर जो राजकीय रोडवेज बस जूनागढ और ढाक के बीच चलती है, उसका 1-4-1978 से डाक की ढुलाई के लिए उपयोग किया जाय । खालीजालिया शाखा डाकघर को अब उपलेटा उप डाकघर के अधीन कर दिया गया है । इस व्यवस्था से खाकीजालिया के लिए जाने वाली डाक वस्तुओ का वितरण दूसरे दिन अवश्य हो जाया करेगी और इसमे खाकीजालिया ग्राम पचायत की माग पूरी हो जाएगी ।

(घ) ऊपर भाग (ग) के उत्तर मे जो कार्रवाई बताई गई है, उसे ध्यान मे रखते हुए इस सम्बन्ध मे आगे कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता प्रतीत नही होती है ।

गंगानगर जिले में बजवाला डाकघर के पुराने सार्वजनिक टेलीफोन को बदलना

4849. **श्री बेगाराम चौहान :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान के गंगानगर जिले के बजवाला डाकघर मे लगाये गये सार्वजनिक टेलीफोन काम करने योग्य नही रहा है और परिणामत उसमे आवाज साफ सुनाई नही देती है,

(ख) क्या वहा पर टेलीफोन का होना आवश्यक है क्योकि राजस्थान नहर पर रह

रहे अनेक अधिकारियो को टेलीफोन कनेक्शन के अभाव मे कठिनाई हो रही है , और

(ग) यदि हा, तो क्या इसके स्थान पर नया टेलीफोन लगाया जायेगा ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) (क) जी नही। बजवाला का पी० सी० ओ० कुशलतापूर्वक काम कर रहा है और उसका स्वीच का स्तर भी अच्छा है ।

(ख) टेलीफोन कनेक्शन के लिये अभी तक कोई माग प्राप्त नही हुई है । माग के प्राप्त होते ही, मामले की जाच की जाएगी ।

(ग) प्र न ही नही उठता ।

गुजरात में क्षय रोगी और कुष्ठ रोगी

4850. **श्री छीतूभाई गामित** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 1972 मे 1977 की अवधि के दौरान गुजरात राज्य मे क्षय रोगियो और कुष्ठ रोगियो की जिले-वार सख्या कितनी है;

(ख) यदि हा, तो क्या गुजरात मे दोनो प्रकार के रोगियो की सख्या मे वृद्धि हो रही और यदि हा, तो इसके क्या कारण है ,

(ग) इन दानो बीमारियो को राकने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है और क्या करने का प्रस्ताव है ;

(घ) क्या कुष्ठ रोगियो और क्षय रोगियो को अपना इलाज कराने के लिए सभी सुविधाओ से युक्त नये अस्पताल खोले जायेंगे , और

(ङ) यदि हा, तो ऐसे अस्पताल जिन स्थानो पर खोले जायेंगे उनके जिला-वार नाम क्या हैं और वे कब तक खोल दिये जायेंगे ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) और (ख) गुजरात राज्य मे क्षय और कुष्ठ के रोगियो की सख्या जानने के लिए 1972–77 मे कोई सर्वेक्षण नही किया गया। तथापि, इस बात का कोई प्रमाण नही है कि उस राज्य मे क्षय और कुष्ठ के रोगियो की सख्या बढ़ रही है।

(ग) और (घ) अपेक्षित सूचना का एक विवरण सभा पटल पर रखा है। (ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये सख्या एल० टी०–1973 78)

(ङ) जिला क्षय रोग कार्यक्रमो के अंतर्गत गुजरात के लगभग सभी जिलो मे क्षय रोग के बिस्तरो की व्यवस्था कर दी गई है । केवल बलसर और गाधी नगर ही दो ऐसे जिले हैं जहा इस समय क्षय रोग बिस्तरे नही है । छठी योजना के दौरान इन जिलो मे क्षय रोग बिस्तरो की व्यवस्था करने और ऐसे जिलो मे जहा ऐसे बिस्तरो की सख्या कम है, उनकी सख्या बढाने का विचार है ।

चौथ-का बरवाड़ा, उणियारा और सवाई माधोपुर सिटी में टेलीफोन एक्सचेंजों का काम न करना

4851. **श्री मोठालाल पटेल** : क्या **संचार** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सवाई माधोपुर सब डिवीजन (कोटा-राजस्थान) के अन्तर्गत चौथ-का बरवाडा, उणियारा और सवाई माधोपुर सिटी के टेलीफोन एक्सचेज (एस० ए० एक्स०) पिछले काफी समय से खराब रहते है,

(ख) यदि हा, तो इसके क्या कारण है और यदि नही, तो पिछले एक साल मे उक्त तीनो टेलीफोन एक्सचेज कितने दिन खराब रहे, और